हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

04 भगवान राम की तरह ही रामायण भी परिपूर्ण है ...



07 यात्री बस की छत पर अवैध रुप से रखे थे 280 किलो ...





## खबर संक्षेप

### छुट्टी मांगने वाले कर्मियों का होगा हेल्थ चेकअप

**सीहोर** । निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य खराब होने के आधार पर छुट्टी के आवेदन प्रस्तुत करने वालों का सोमवार को मेडिकल बोर्ड के सदस्यों द्वारा मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। सोमवार को जिपं सभाकक्ष में मेडिकल बोर्ड बैठेगा, जहां अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही अधिकारी-कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत की जाएगी या अवकाश का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर**। प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में कक्षा-8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिये प्रारंभ किया गया है।

### स्वच्छता सर्वे जुलाई में होना है और मई तक चुनावी ड्यूटी में रहेंगे कर्मचारी-अधिकारी

# 3 नए प्वाइंट शामिल, यलो स्पॉट को खत्म करने के 60 और पर्यटन स्थलों की सफाई के 140 नंबर तय

### 9500 अंकों का होगा सर्वेक्षण: सर्विस लेवल प्रोग्राम के 5705, सर्टिफिकेशन के 2500, जनआंदोलन के 1295 अंक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का प्रस्तावित सर्वे जुलाई में तय हुआ है। इस बार भी अंक 9500 अंकों के आधार पर सर्वे होगा। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्राम 5705, सर्टिफिकेशन के 2500, जनआंदोलन के 1295 अंक रहेंगे। लोकसभा चुनाव के चलते कई नपा कर्मचारी और अधिकारी मई तक चुनावी ड्यूटी में व्यस्त रहेंगे। इसलिए इस बार नपा की रैंकिग सुधारना चुनौती बना हुआ है।

इस बार सीहोर सहित देश के शहरों को इन अंकों तक पहुंचने के लिए तीन नए प्वाइंट पर बेहतर काम करना पड़ेगा। इनमें 2 प्वाइंट पर्यटन स्थल साफ-सुथरे और स्कूल के शौचालय सुविधा युक्त होना चाहिए। तीसरा शहर के यलो स्पॉट (यूरिन प्वाइंट) को लिया है। शहर में जगह-जगह पेशाब घर हैं। इसके बाद भी शहर में कई स्थानों पर लोग खुले में यूरीन करते दिख जाएंगे।

**यलो स्पॉट खत्म करने के लिए बनाया प्लान :** पिछले साल के सर्वे में आवारा पशु और सड़कों के गड्ढों को भी शामिल किया था। अभी इसको लेकर गाइडलाइन नहीं आई है। नई गाइडलाइन न आने तक नगरीय निकाय दोनों पर काम कर रहे हैं। फिर भी शहर में सड़कों पर आवारा पशु रोज घूमते नजर आ रहे हैं। सड़कों में भी कई स्थानों पर गड्ढे हैं। जहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। हालांकि नगर पालिका के अधिकारियों का दावा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नए प्वाइंट पर काम शुरू कर दिया है। वार्डों के स्वास्थ्य अधिकारियों से सरकारी और निजी स्कूलों के टॉयलेट का सर्वे करा रहे हैं। जहां-जहां कमियां मिलेंगी, उसमें सुधार कराया जाएगा। यलो स्पॉट को पूरी तरह खत्म करने के लिए भी नपा ने प्लान बनाया है।



**सीहोर।** जिला अस्पताल में पसरी गंदगी

### यलो स्पॉट: इनकी स्थिति खराब

शहर में यलो स्पॉट को लेकर स्थिति ज्यादा खराब है। अभी रेड स्पॉट पर हैं। पिछले साल तक ज्यादा ध्यान दिया जाता था। इसमें थूकने वालों को सड़कों पर रोकना था। इस बार यलो स्पॉट अलग से बिंदु लिया गया है। इसमें खुले में यूरीन स्पॉट को खत्म करना होगा। शहर में जगह-जगह पेशाब घर है। इसके बाद भी लोग खुले में पेशाब करते नजर आ ही जाते हैं। । इसकी स्थिति सुधारना चुनौतीपूर्ण है। यलो स्पॉट को खत्म करने पर 60 नंबर तय किए है।

### कई सरकारी स्कूलों में नहीं है सफाईकर्मी

स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार स्कूलों को भी शामिल किया गया है। सर्वे में नगरीय निकाय के सरकारी और निजी स्कूल दोनों को देखा जाएगा। उनके शौचालयों पर विशेष ध्यान रहेगा, जबकि जिले में कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जिनमें शौचालय ही नहीं हैं। ऐसे में इन शौचालय में निर्माण कैसे संभव है। वहीं जिनमें हैं वहां कर्मचारियों के अभाव में सफाई की व्यवस्था नहीं है। शौचालयों में सफाई व्यवस्था के अलावा पानी, लाइट, नलों की टोंटी ठीक होना चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय भी इसमें देखे जाएंगे।



### पिछले साल सुधरी थी रैंकिंग

बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सीहोर नगर पालिका की रैंक सुधरी थी। स्टेट लेवल पर 19वीं रैंक से ऊपर उठकर सीहोर नगर पालिका ने 14वीं रैंक हासिल की थी। वहीं 1 लाख से अधिक आबादी वाले निकायों में सीहोर नपा ने 50वीं रैंक हासिल की थी। यह बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन इस अब स्थिति विपरीत नजर आ रही हैं। सीवन नदी के घाटों की स्थिति बहुत खराब है। यही नहीं शहर में कई जगह नालियां चौक पड़ी हैं, लेकिन साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर असर पड़ेगा।

## नाबालिग सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 4 क्विंटल चना, 60 हजार रुपए नकद जब्त किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में एक नाबालिक सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार किए गए हैं। इनसे चोरी की गई घटना में उपयोग की गई मोटर साइकल जब्त की गई है। बताया गया है की आरोपी फरहान थाना जीआरपी भोपाल के चोरी के मामले में भी फरार था। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को पुरुषोत्तम निवासी किसान मोहल्ला भेरूंदा द्वारा अपने घर के बाहर से चना चोरी की शिकायत थाना भेरूंदा में की थी। मामले में थाना प्रभारी भेरुंदा घनश्याम दागी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की गिरफ़्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मिली सूचना पर आरोपी फरहान खां निवासी सद्दाम कॉलोनी भेरूंदा, एक नाबालिक को एमपीईबी कार्यालय परिसर सुभाष कॉलोनी भेरुंदा से गिरफ्तार किया गया।

जिन्होंने बताया कि दिनांक 27 मार्च को रात्रि लगभग 3 बजे दोनों दोस्तों ने मिलकर किसान मोहल्ला में आंगन में रखी चना की आठ प्लास्टिक की बोरी चोरी कर ले गए। आरोपी फरहान के कब्जे से उसके बताए अनुसार चोरी की गई चने की आठ बोरियां लगभग 4 क्वांटल, मोटर साइकल पैशन प्रो कुल कीमत 60 हजार जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फरहान वर्तमान में थाना जीआरपी भोपाल के मोबाईल चोरी के अपराध में फरार था, जो जीआरपी थाना भोपाल को कार्यवाही के लिए सूचना दी गईं हैं।

## प्लेटफार्म 1 की बढ़ा रहे ऊंचाई यात्रियों के लिए बनेंगे 2 शेड



**सीहोर**। रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे में अब रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक 1 को ऊंचा किया जा रहा है। इसके चलते 15 दिन तक यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक 1 को बंद किया गया है। यात्रियों को उज्जैन-इंदौर की ओर जाने के लिए प्लेटफार्म क्रमांक 2 से ट्रेन पकड़ना पड़ रही है। क्योंकि प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर आने वाले सभी यात्री ट्रेनों का ठहराव प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर किया गया है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का रास्ता खुला है।

बता दें कि सीहोर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ 60 लाख की लागत से पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सीहोर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, स्टेशन बिल्डिंग व साइनेज के कार्यों में अपग्रेडिंग की जा रही है। यही नहीं प्लेटफार्म नंबर-1 व प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर कवर शेड भी बनाया जाएगा। साथ ही क्राउड हैंडलिंग एरिया का विकास कार्य भी किया जाएगा। इन दिनों प्लेटफार्म क्रमांक 1 की ऊंचाई बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। जिसके चलते करीब 15 दिनों तक प्लेटफार्म क्रमांक एक यात्रियों के लिए पूरी तरह से बंद किया गया है।

इस दौरान प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर रुकने वाली सभी ट्रेनों को प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर रोका जा रहा है। बता दें कि अभी प्लेटफार्म क्रमांक 1 की ऊंचाई कम है। ऐसे में कई बार ट्रेन में यात्रियों को चढ़ने में परेशानी होती है। यही नहीं कई बार भीड़ के समय यात्रियों के ट्रेन से नीचे गिरने का भी भय बना रहता है। लेकिन प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के बाद इस तरह के हादसों की संभावना कम हो जाएगी। इसके साथ ही यात्रियों की संख्या को देखते हुए यहां दो नए शेड भी बनाए जा रहे हैं।

## बुधनी पुलिस ने शराब और कार जब्त की पुलिस को सामने खड़ा देख कार छोड़ फरार हुआ ड्राइवर, एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर की बुदनी पुलिस ने रविवार शाम 73 हजार रूपए कीमत की 15 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब काम समेत जब्त की है। कार की कीमत 6 लाख आंकी गई है।

थाना प्रभारी बुधनी ने बताया कि चैकिंग के दौरान एक सफेद रंग की कार गडरिया नाले पर भोपाल तरफ से आई जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रूकी। कार के चालक ने कार को तेजी से चलाकर भगाया जिसका पीछा किया तो कार चालक ने कार को गुंजारी नाला के पास स्थित राम जानकी मंदिर जरूरापुर रोड पर भगाकर ले गया और मंदिर के पास गाड़ी खड़ी करके अज्ञात चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। गाड़ी को चैक किया तो गाड़ी की पीछे की डिग्गी में शराब की पेटियां रखी हुई थी।

जिसमें 9 पेटी बीयर, दो पेटी सफेद प्लेन देशी शराब, एक पेटी अंग्रेजी शराब गोवा कम्पनी की, दो पेटी अंग्रेजी शराब इम्पीरियल ब्लू कम्पनी के, एक पेटी रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब की कुल 15 पेटी अवैध शराब 160.92 लीटर कीमती करीब 73 हजार रूपए एवं कार क्रमांक MP 04 CG0848 कीमती करीब 6 लाख रूपए की जब्त किया गया।

कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज गया। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## परशुराम चल समारोह में नहीं बजेगा डीजे:3 दर्जन से अधिक संत और कथा वाचक शामिल होंगे

**सीहोर**। हर साल की तरह इस वर्ष भी आस्था और उत्साह के साथ भगवान परशुराम की जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी चल समारोह में डीजे शामिल नहीं होगा। विप्र समाज के ओर से जुलूस के दौरान शंख, डमरू और घडियाल बजाया जाएगा। समारोह के दौरान मातृ शक्ति आगे रहेगी और उसके बाद पुरुष पीछे-पीछे चलेंगे। चल समारोह के अलावा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समाज के द्वारा दो हजार से अधिक आमंत्रण पत्र का वितरण करने का सिलसिला जारी है। समाजजनों के तरफ से रविवार को शहर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी सहित अन्य स्थानों पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित यहां के लोकल के विप्रजनों के साथ घर-घर जाकर वितरण किया गया। इससे पहले शनिवार को छावनी में बड़ी संख्या में आमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया थो। सर्व ब्राह्मण समाज इन दिनों पूरी तरह एकजुट है और जिला स्तर पर सामाजिक गतिविधियों पर सामाजिक उत्थान की चर्चा कर कार्य योजना बना कर उसे सामाजिक स्तर पर लागू करते हैं। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 10 मई सुबह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी, अभिषेक किया जाएगा और उसके पश्चात आरती और वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा महिला मंडल के द्वारा कलश पूजन, थाली सजावट प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के तरफ से सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।



## पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक जी. विजय कुमार (आईपीएस) ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी से विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान पुलिस प्रेक्षक श्री कुमार ने ईवीएम वितरण, ईवीएम वापसी, सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, बेरीकेडिंग, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभिकर्ताओं के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने चुनाव आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सभी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी गीतेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर नितिल टाले, एसडीएम तन्मय वर्मा, एसडीएम जमील खान, पॉलिटेनिक कॉलेज के प्राचार्य पंकज जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला सशक्तिकरण का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया

# शासकीय कन्या विद्यालय में सांस्कृतिक और खेलकूद का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के तहत सत्र 2023-24 के वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी की अध्यक्षता संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में संसाधनों की कोई कमी नहीं है, उसकी उपयोगिता तभी है जब आप आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा से आपका और आपके परिवार का स्तर बढ़ता है। नियमित अध्ययन और मेहनत से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा का उद्देश्य अच्छा इंसान बनना भी है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.सी. जैन ने महाविद्यालय की प्रगति की प्रशंसा की और अगले वर्षों में महाविद्यालय की छात्राओं को अच्छे पदों पर चयन होने के लिए शुभकामनाएं दी।





इस अवसर पर डॉ. कालिका डोलस द्वारा लिखित बी.ए. तृतीय वर्ष की पुस्तक "महिला सशक्तिकरण" का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। नेट एवं सेट में चयनित छात्रा पूजा गौर एवं नेट चयनित बबली गौर, अनुष्का राय, श्वेता मालवीय, विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्वेता मालवीय, को सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, राम विकास प्रजापति ने पुरस्कार वितरित किए। क्रीडा पुरस्कार श्री रवि विरहा द्वारा प्रदान किए गए। एनएसएस की गतिविधियों के पुरस्कार डॉ मंजरी अग्निहोत्री द्वारा वितरित किए गए। कक्षाओं में प्रथम आने वाली छात्राओं तथा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। विशेष पुरस्कार पूर्ति वर्मा को दिया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्रापं या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### महावीर जयंती के आयोजन पर संपूर्ण नगर हुआ महावीरमय

# चांदी के सुसज्जित रथ में बैठकर भगवान महावीर स्वामी निकले नगर भ्रमण पर, अगवानी के लिए दौड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती रविवार को देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते- नाचते चलते दिखाई दिए। चांदी के सुसज्जित रथ में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभा-यात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिए श्रद्धालु दौडे चले आए। शोभा यात्रा मार्ग में महावीर स्थानकवासी संघ ने प्रभु महावीर के जीवन चरित्र पर नयनाभिराम जीवंत झांकी की सराहनीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शोभायात्रा का मार्ग में अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया।

विशेष आकर्षण के रूप में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जैन समाज की ओर से अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। मतदान करने का आव्हान संदेश देते हुए समाज की महिलाएं मातृशक्ति एवं बालिकाएं अपने दो पहिया वाहनों पर विशेष परिधान से



सुसज्जित होकर हाथों में मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारों से लिखी तख्तियां लेकर चल रही थी। जैन समाज के इस प्रयास के सभी ने खूब प्रशंसा की।

विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सूत्रधार भरत चौधरी ने बताया कि इस विशाल आयोजन में समिति के अध्यक्ष विजय जैन, महासचिव शैलेन्द्र चौधरी सचिव संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन कायथावाला, मुकेश चौधरी , विशाल जैन , नितिन जैन मानव,पारस जैन, रिंकेश जैन, पंकज चौधरी, पारस जैन इटावा, निलेश जैन, विकास जैन ने सहयोग प्रदान किया। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरक नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई । नगर के सभी जैन मंदिरों में अनेक विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जैन धर्मावलंबियों ने अपने निवास स्थान पर केशरिया एवं जैन ध्वज फहराए तथा दीपक जलाए। साथ ही सभी जैन मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

मुख्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा प्रात 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष तथा बच्चें शामिल थे। नवयुवक एवं नवयुवतियों ने विशेष परिधान धारण किए हुए थे। विशाल जनसमुदाय को समाहित किए हुए यह शोभायात्रा अनेक आकर्षणों से सुसज्जित थी। सबसे आगे अश्वारोही दल केशरिया ध्वज थामें चल रहा था। महावीर स्वामी के जीवन चरित्र की नयनाभिराम झांकी ने सभी दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। नवयुवकों में अपूर्व उत्साह था, जो देखते ही बनता था। बालिकाएं आकर्षक डांडिया रास प्रस्तुत कर रही थी। महिलाओं की विशाल संख्या मस्तक पर 108 कलश लेकर कतारबद्ध चल रही थी । इसके बाद चांदी के सुसज्जित रथ में प्रभु महावीर स्वामी विराजमान थे। भगवान की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थी। सम्पूर्ण वातावरण भगवान महावीर की जय-जयकार एवं भगवान महावीर का अमर संदेश जियो और जीने दो के नारों से गुंजायमान हो रहा था। महिलाओं का विशाल समुह मंगल गीत गाते हुए चल रहा था। समाज के सभी भजन गायको ने सम्मिलित रूप से प्रभु के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति चलित वाहन के माध्यम से दी। प्रभु के भक्ति पूर्ण गीतों ने नगर वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शोभायात्रा वर्धमान जैन स्थानक, श्री आदेश्वर मंदिर ,श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर मंदिर, श्री चन्दाप्रभु मंदिर एम.जी. रोड़, श्री चन्दाप्रभु माणिभद्र मंदिर, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर समाप्त हुई। श्रमण संस्कृति सदन में श्री जी का अभिषेक हुआ। रात्रि को सभी जैन मंदिरों में महाआरती एवं भक्ति भावना के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आवास नगर एवं श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अलकापुरी से भी भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा समाप्ति के पश्चात हामूखेड़ी एवं इटावा कुष्ठधाम , अंधशाला एवं वृद्ध आश्रम पर भोजन वितरित कर अन्न दान किया ।

# खेत पर गाय के बछड़े पर किया हमला, पहले भी कई लोगों पर कर चुके हैं हमले



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जनपद के ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में इन दिनो आवारा कुत्तों ने आतंक मचाकर रख दिया है। गत दिवस बछिया को तीन कुत्तों ने घेरकर उस पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह काफी घायल हो गई। घटना रविवार सुबह 7:30 बजे के आसपास की है। गांव के सोनू परमार सुबह अपने खेत से दूध लगाकर घर पहुंचे ही थे। थोड़ी देर में जानकारी लगी कि उनके खेत पर बंधे गाय के बछने को कुत्तों ने काट लिया। इस घटना के बारे में उनके पड़ोसी ने उन्हें बताया।

उनके पास के खेत पर कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दे रही थी। जब वह सोनू के खेत पर पहुंचे तो वहां पर बंधे बछड़े को तीन कुत्ते घेरकर काटने में लगे थे। उन्होंने वहां पहुंचकर कुत्तों को भगाया, तब जाकर कहीं बछड़े को छोड़ा। इस बीच बछड़ा जमकर घायल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक काफी समय से बना हुआ है। वह पहले भी कई लोगों पर हमले कर चुके हैं।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

# भगवान राम की तरह ही रामायण भी परिपूर्ण हैः उद्धवदास महाराज

### विश्नाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का समापन, अखंड रामायण प्रारंभ

**सीहोर।** रामकथा नौ दिवस की होती है और भागवत कथा एक सप्ताह की। किन्तु न तो रामकथा नौ दिवस में पूरी की जा सकती है और न भागवत कथा। जैसे भगवान श्रीराम परिपूर्ण हैं इसी प्रकार रामायण का भी कोई पार नहीं है। रामकथा निरन्तर कही जा सकती है इसका कोई समापन नहीं है क्योंकि इस कथा में इतना विस्तृत मर्म और अर्थ है कि इसका पार नहीं पाया जा सकता। इसलिए जैसे भगवान परिपूर्ण हैं वैसे ही रामकथा को भी परिपूर्ण मानकर समापन किया जाता है। रामकथा का तो जितना श्रवण और मनन किया जाए मानव को उतना ही सुख और परम शांति का अनुभव होता है, रामकथा उस कामधेनु के समान है जिसके सहारे मनुष्य की लौकिक और पारलौकिक सारी कामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के नवें दिवस कथा समापन के अवसर पर बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा कि बिना हनुमानजी के रामायण अधूरी है क्योंकि रामायण में चाहे सुग्रीव हो, विभीषण हो, लक्ष्मण हो, भरतजी हो, सीताजी हो या फिर भगवान श्रीराम ही क्यों न हो, सभी का हनुमानजी ने यथायोग्य कार्य बनाया, इसलिए भगवान ने रामायण में कहा है कि वे हनुमानजी के हमेषा ऋणी रहेंगे। जो अपने मान का हनन करे वो हैं हनुमान जी, हनुमान जी हमेषा सेवक बनकर और छोटे बनकर ही रहे भले ही रामायण के सारे अविष्वसनीय और दुर्गम काम श्री हनुमानजी ने किए किन्तु वे कभी अपनी प्रषंसा के अभिलाषी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि जब नारद जी ने भगवान से पूछा कि आपके प्रिय भक्तों की सूची में हनुमानजी का नाम क्यों नहीं है तब भगवान ने कहा कि प्रिय भक्तों की सूची में उनका नाम है जो मेरा नाम जपा करते हैं और मेरी निजी डायरी में हनुमानजी और भरत केवल दो भक्तों के नाम है जिनका नाम मैं स्वयं जपा करता हूं। यह है



हनुमानजी और भरतजी की महिमा। महाराजश्री ने कहा तुलसीदास जी जो रामचरित मानस जैसे महान ग्रंथ के रचियता हैं उन्हें भी हनुमानजी ने ही प्रभु श्रीराम के दर्षन कराए थे। पूरी रामकथा में हनुमानजी जप माला के उस सुमेरू की तरह है जो दोनों सिरों को जोडकर रखता है उसी प्रकार हनुमानजी ने भी पूरी रामकथा में अपनी अदभुत और विषेष भक्ति से सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि हमें भी सदा आत्म सराहना से और परनिंदा से बचकर रहना चाहिए। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

आज कथा के समापन अवसर पर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर समिति ने महाराजश्री एवं उनकी संगीतज्ञ टीम का सम्मान किया। इस अवसर पर उन बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने सुन्दर ड्राइंग बनाकर महाराज श्री को भेंट की थी। समापन अवसर पर समिति के महिला मंडल ने भी महाराजश्री का स्वागत-सम्मान किया। समापन के पष्चात मंदिर में अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ हो गया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर विषाल भण्डारा

हनुमान जन्मोत्सव पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को सायं 7 बजे से प्रतिवर्षानुसार विषाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। मंगलवार श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अखण्ड रामायण पाठ पूर्ण होने पर हवन, कन्या भोज के साथ ही सायंकाल विषाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा भण्डारे की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भण्डारे में आकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया गया । कथा में शहर श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया। कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनारसिंह चैहान, संरक्षक कमलसिंह ठाकुर, मंदिर पुजारी पं. निर्मल शर्मा, पं. ओमप्रकाष शर्मा, मुकेश भावसार, गोपालदास अग्रवाल, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, इंद्रजीतसिंह मामाजी, एमएस चैहान, आनंद अग्रवाल, शुभम मालवीय, मुकेष प्रजापति, चंद्रप्रताप ठाकुर, कृष्णा मेवाडा आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भण्डारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने किया जा रहा है हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषण के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है।

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में आमजन अधिक से अधिक अपने मताधिक कार का उपयोग कर मतदान करें एसके लिए आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिये गये इसी के तहत जिले में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न संस्थओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किये जा रहे हे। जिससे आम जान अपने मतदाधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक लोगों मतदान करें और अपने पंसद के अभ्यर्थी का चुनाव करें।

मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से नागरिकों से अपील की जा रही है। चाहे स्वच्छता वाहनों के माध्यम से मतदान करने की अपील हो या अन्य माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश मतदाताओं को जागरूक करना किया जा रहा है।

### निर्वाचन के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाना प्रभारी को दी जाए




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों में असामाजिक तत्व भी जिले में घुसपैठ कर सकते हैं। जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस अधिनियम 1967 के तहत जिले के भीतर सभी सराय, धर्मशालाओं, होटल, लॉज के मालिकों, प्रबंधकों को आदेश दिया है कि वे अपने होटल, लॉज, सराय, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को एवं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को लिखित में प्रस्तुत करें। ऐसी सूचना संबंधित अधिकारियों के पास अगले दिन सायं 5.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। यह आदेश 06 जून 2024 तक प्रभावशील रहेगा ।

### छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आवेदन 30 तक

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये **MPTAASC** पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रेल 2024 तक के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। नवीन तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से एप्लाई कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था, विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जावेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलाहा में स्वास्थ्य कर्मियों के एक दिवसीय कार्यशाला

**सीहोर।** इच्छावर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमलाहा में विकल्प कार्यक्रम के तहत परिवार कल्याण के अस्थाई साधन अन्तर्गत व अन्य अस्थायी साधनों छाया,माला एन,आई यूसीडी, का पीएचसी स्तर व स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के एक दिवसीय कार्यशाला में उन्मुखीकरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशान में किया गया हैं जिसमे संभागीय समन्वयक आईपास डॉ पंकज मिश्रा, राज्यस्तरीय प्रशिक्षक डॉ तबस्सुम, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव विनय पाठक के द्वारा परिवार नियोजन के बारे में बताया गया। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डाक्टर मालती आर्य ने जानकारी दी कि परिवार नियोजन के विजन 2030 पर आईपास डबेलपमेंट फाउनडेशन के प्रतिनिधि द्वारा चर्चा की गई। इसमें



विजन 2030 में भारत की प्रतिबद्धता व परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों को हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त 0 से 1 पैरिटी वाले दंपतियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। आईपास डबेलपमेंट फाउनडेशन के प्रतिनिधि द्वारा विकल्प परियोजना के उददेश्य के बारे में भी बताया गया व अस्थाई साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व 0 से 1 पैरिटी वाले दंपतियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने के लिए आवाहन किया गया। MO डॉ आर के अहिरवार द्वारा भी अस्थाई साधनों की पहुंच को सुनिश्चित करने व कम बच्चों वाले दंपतियों पर आशा द्वारा प्रोत्साहन करने के लिए कहा गया।

### ग्राम पचामा में चल रहा श्री मारुति नंदन महायज्ञ

# रामचरितमानस केवल ग्रंथ नहीं जीवन जीने का सूत्र हैः पंडित मोहितराम


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रामचरितमानस तुलसीकृत रामायण केवल एक आध्यात्मिक ग्रंथ पुस्तक नहीं अपितु मानव जीवन-जीने का सूत्र है। मानव जीवन को आनंदमय बनाकर व्यक्ति किस प्रकार नर से नारायण की यात्रा कर सकता है। यह सब हमें श्री रामचरितमानस में मिल जाएगा। भगवान शंकर ने मानस की रचना कलयुग के सभी प्राणियों के उद्धार करने के लिए करी थी। उक्त उद्गार ग्राम पचामा में पूज्य संत धर्म रक्षक मंदिर जिद्वाराक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा




प्रसाद जी कटारे बाबा के संचालन में चल रहे,श्री मारुति नंदन महायज्ञ के दौरान आज चतुर्थ दिवस की श्रीराम कथा महोत्सव में राष्ट्रीय संत गौभक्त पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए। कथा में वर्णन करते हुए कहा कि रामचरितमानस ग्रंथ हमें जीवन-जीने की कला सिखाता है। भाई से भाई का संबंध कैसा होना चाहिए। भरत लक्ष्मण जैसे भाई माता-पिता का मान, पत्नी का पति के प्रति समर्पण, हनुमान जैसी सेवा भाव। यह सब हमें रामचरितमानस में देखने को मिलेगा। आगे कथा में श्रीरामजन्म कथा का वर्णन किया गया। भगवान राम अवध में पधारे साथ में श्री भरतजी, श्री लखनजी, श्री शत्रुघ्न भैया का जन्म हुआ। रामजन्म के साथ लंका में बैठी मंदोदरी की चूडियां टूट गई। अर्थात धर्म के आते ही किस तरह अधर्म समाप्त हो जाता है, यह वर्णन बड़े ही सहजता के साथ बताया गया। आज पंचम दिवस की कथा में राम जन्म से जुड़ी बाल लीला की कथा की जाएगी। ग्राम पचामा में रात्रि 8 से 11 बजे तक चल रही कथा का श्रवण हेतु आयोजन समिति ग्राम पचामा ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से यज्ञ एवं कथा में पधार का धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

# एमपी अंडर-20 टीम ने भोपाल स्टेट कोचिंग को 3-1 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही सीनियर फुटबाल प्रतियोगिता में रविवार की सुबह एक मैच का आयोजन किया गया था। जिसमें एमपी अंडर-20 ने भोपाल स्टेट कोचिंग टीम को 3-1 से हराया। इस मैच में भोपाल की ओर से लक्ष्य ने 66 मिनिट में गोल किया था।

रविवार की सुबह खेले गए इस मैच में शुरू से ही एमपी अंडर-20 की फुटबाल टीम आक्रमक खेल का प्रदर्शन कर रही थी, इस मैच में एमपी की टीम की ओर से प्रियम सिंह ने 36 मिनिट में, किशन सिंह ने मैच के 56 वें मिनिट के अलावा अंतिम क्षणों में नगंथोइना ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, वहीं एक मात्र गोल स्टेट कोचिंग भोपाल की ओर से लक्ष्य ने कर अपनी टीम को विशाल अंतर से हराने से बचाया।

## माचलपुर के डूंगरी गांव में इकलेरा से आई थी बारात, एक साथ उठी सात अर्थियां

# मातम में तब्दील हुईं शादी की खुशियां, इकलेरा के 9 बारातियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ के माचलपुर क्षेत्र के डूंगरी गांव में आई एक बारात के लौटते समय भयंकर हादसा हो गया। रात्रि को बारात में नाचकर इकलेरा लौट रहे बारातियों की वैन में एक ट्राले ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन की परखच्चे उड गए और उसमें सवार सात दोस्तों सहित 9 लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार माचलपुर क्षेत्र के डूंगरी गांव में शनिवार-रविवार की रात्रि बागरी परिवार में दुल्हन आषा बागरी की शादी थी। राजस्थान के झालावाड़ जिले के इकलेरा से आई बारात में शामिल लोग रात को ही वापस लौट रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजस्थान सीमा में पचोला मार्ग बारातियों से भरी वैन में ट्राले ने जबर्दस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं 5 की अस्पताल ले जाते समय एवं इलाज के दौरान मौत हो गई।

### इधर चल रहे थे फेरे, उधर 9 बाराती गुजरे

सभी बाराती रात में नाच-गाकर वापस लौट रहे थे। दूल्हा-दुल्हन व परिवारजन डूंगरी में ही थे जहां विवाह की रस्में चल रही थीं। इधर, विवाह की रस्में चल रही थीं और उधर बारातियों से भरी वैन में डंपर ने टक्कर मारी जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई।

इकलेरा थाना प्रभारी अजय बिष्नोई ने बताया कि दुर्घटना इकलेरा थाने से करीब 5 किमी दूर हाईवे पर हुई है। हादसा इतना भीषण था कि मृतकों की पहचान में भी बड़ी मुष्किल हुई। हादसे में अषोक कुमार(24) पुत्र घनष्याम बागरी, रोहित(16) पुत्र नंदकिषोर बागरी, हेमराज(33) पुत्र बंषीलाल बागरी, सोनू(22) पुत्र मोहनलाल बागरी, दीपक(24) पुत्र जयलाल बागरी, रविषंकर(25) पुत्र प्रेमचंद बागरी, रोहित(22) पुत्र जगदीष बागरी, रामकृष्ण(25) पुत्र प्रेमचंद, राहुल पुत्र हेमचंद निवासी सारोला की मौत हुई है।

### रात को बारात में खूब नाचे थे सभी दोस्त, कुछ घंटे बाद 7 की थमी सांसें








### दुल्हन के घर पसरा मातम

डूंगरी गांव के जिस घर में शनिवार रात बारात आई थी और शहनाईयां बज रही थीं उसी घर में रविवार को मातम पसरा देखा गयां डूंगरी गांव के संजय बागरी के घर तोरण लगा हुआ है और मातम पसरा हुआ नजर आया। दुल्हन आषा के ताऊजी भंवरलाल बागरी ने बताया कि उनकी भतीजी आषा(19) की शादी इकलेरा के विजय बागरी से हुई। शनिवार को करीब एक सैकड़ा बाराती पहुंचे थे और जष्न का माहौल था। गांव के बाहर ही टेंट लगवाकर बारात ठहराई गई। रात्रि 9, 10 बजे सभी को खाना खिलाया गया।

रात करीब 11 बजेडीजे पर सभी बारातियों ने खूब नाचा-गाया। रात्रि 2 बजे 10 दोस्त फेरे के दौरान वापस लौट गए। घाटोली और इकलेरा के बीच इन्हीं दोस्तों की वैन ट्राले से जा टकराई जिसमें से 8 लोग खत्म हो गए हैं।

### इकलेरा में एक साथ उठीं 7 अर्थियां तो नम हुई हर आंख

रविवार दोपहर दुर्दांत हादसे में मृत 9 में से 7 दोस्तों की अर्थियां इकलेरा में एकसाथ हुई। यह गमगीन नजारा देखकर हर आंख नम हो उठी।

# ट्रक व मोटरसाइकिल में टक्कर, एक की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इकलेरा

भारतगैस की खाली टंकी से भरा ट्रक एवं मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मोटरसाइकिल सवार दो मालूम पड़ा है कि दो में से एक की मृत्यु और एक घायल घायल की खबरपुलिस चैकी प्रभारी इकलेरा जितेंद्र सिंह चैहान एवं आरक्षक बनवारी गुर्जर को मिलते ही तुरंत 108 की मदद से घायलों को तलेन हॉस्पिटल पहुंचाया गया। बताया जाता है कि यह ट्रक शाजापुर से पीलूखेड़ी प्लांट की ओर एक भारत गैस कंपनीकी खाली टंकी से लोडिंग ट्रक के नंबर एमपी 2777भारत गैस की खाली टंकी से भरा हुआ ट्रक कुरावर पीलू खेड़ी प्लांट पर जा रहा था जानकारी मिलने पर पता चला कि यह ट्रकशाजापुर शिव शक्ति भारत गैस एजेंसी का है जोकी गैस की खाली टंकी लेकर जा रहा था जो की इकलेरा से आगे कुरावर रोड मोड पर मोटरसाइकिल में टक्कर मारते हुए ट्रक एक खेत में पलटी खाते ही ट्रक ड्राइवर कूद कर भाग गयामोटरसाइकिल सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## एसएसटी चेकिंग पाइंट पर सारंगपुर पुलिस ने बस समेत पटाखे किए जब्त

# यात्री बस की छत पर अवैध रुप से रखे थे 280 किलो पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सीहोर से सारंगपुर आई बालाजी बस कि छत से सारंगपुर तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा एवं सारंगपुर पुलिस और प्रशासन की एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी चेकिंग पाइंट पर अवैध रुप से रखे 280 किलो पटाखे जप्त किए है। पटवारी कुलदीप सोनगरा के आवेदन पर सारंगपुर पुलिस ने बस कंडक्टर सहित पटाखा व्यवसाई पर प्रकरण दर्ज किया है।

सारंगपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछी खेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस कि एमपी 10 पी 1021 कि छत से अवैध रुप से सारंगपुर आ रहे 280 किलो विस्फोटक बरामद किया है। घटना में बस रुकवाकर बस कंडक्टर अखलाक पिता गनी खां निवासी सारंगपुर से पूछताछ कि गयी तो उसने बताया कि कार्टून मे जूते रखे हुए है। लेकिन बिल बिल्टी प्रस्तुत नहीं करने पर संदिग्ध अवस्था मे चेकिंग कि गई तो कार्टूनो मे पटाखे भरे हुए मिले। कार्टून मालिक शब्बीर हुसैन पिता अब्बास अली को मौके पर बुलाया गया और पूछताछ मे बिल्टी और लायसेंस नहीं पाए जाने पर विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। बता दें इस संयुक्त कार्रवाई मे तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी संतोष कुमार वाघेल, पटवारी कुलदीप सोनगरा,कस्बा पटवारी,आशीष पांडेय और पटवारी इब्राहिम खान का विशेष सहयोग रहा। पुलिस ने धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत प्रकरण दर्ज कर बस सहित पटाखे जप्त कर मामला विवेचना में लिया है। जप्त पटाखों को कौशल विकास केंद्र के एक कमरे में सुरक्षित रखा जाकर कमरे को सील किया गया।

### मामले में कंडक्टर और व्यवसाई पर एफआईआर



### जांच कर रहे हैं

शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस कि एमपी 10 पी 1021 कि छत से अवैध रुप से सारंगपुर आ रहे 280 किलो विस्फोटक बरामद किया है। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

**संतोष सिंह वाघेल, थाना प्रभारी, सारंगपुर।**


कच्छीखेड़ी एसएसटी चैकिंग पाईंट पर यात्री बस में चैकिंग के दौरान पटाखे पाए गए मामले में पंचनामा बनाकर एफआईआर दर्ज करवाई।

**मनोज शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर**

### यात्रियों की जान के साथ किया खिलवाड़

बस में अवैध रुप से छत पर इतनी बड़ी मात्रा में बारुडी पटाखों को लाद कर लाना बस में बैठे दर्जनों यात्रियों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ करने जैसा है। क्योंकि अगर पटाखों को ढो रही यात्री बस किसी प्रकार से छोटी मोटी दुर्घटना का शिकार हो जाए या फिर किसी कारण से आग के संपर्क में आ जाएगा तो फिर इससे बड़ा हादसा हो सकता है और यात्रियों की जान भी जा सकती है। इसलिए इस तरह से पटाखों का परिवहन पर प्रशासन को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिये और यह भी जांच करनी चाहिये कि शहर के अंदर कौन-कौन व्यवसायी इस तरह से पटाखों को यात्री वाहनों से शहर में अवैध रुप से परिवहन करके मंगवा रहा है और कौन-कौन पटाखों का अवैध रुप से रहवासी क्षेत्र में व्यवसाय करते हुए पटाखों की खरीद-फरोख्त कर रहा है।

# सूने घर में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मलावर थाने के लखनवास गांव में रहने वाली एक विवाहित महिला ने सूने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जब जब पति आइसक्रीम बेचकर लौटा तो उसने दरवाजा खटखटाया दरवाजा नहीं खोलने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा तोड़ा तो महिला फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पत्नी को फांसी पर देखते हुए पति जोर-जोर से रोने लगा और बोला मेरे बच्चों और बच्चियों का क्या होगा अब लड़का 5 साल का और लड़की 7 साल की हैऔर यह रहने वाले पतलापानी गांव के हैं 6 महीने से लखनवास में रह रहे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती अनुयायियों द्वारा 21 अप्रेल को जिले में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई गई। चैत्र शुक्लपक्ष की त्रयोदषी तिथि पर हर साल महावीर जयंती मनाने के क्रम में जैन समाजजनों द्वारा रविवार सुबह नगर में एक प्रभात फेरी भी निकाली गई। इसके उपरान्त जिनालय में पूरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। अनुयायियों द्वारा महावरी स्वामी द्वारा समाज कल्याण और मोक्ष प्राप्ति के लिए दिए जीवन के 5 सूत्र एवं सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। इन सिद्धांतों को पंचषील सिद्धांत कहा जाता है। जैन समाजजनों ने बताया कि महावीर स्वामी ने कठिन तपस्या कर आत्मज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने अनवरत 12 साल तपस्या कर अपनी इंद्रियों पर काबू पाया।



## सकल जैन समाज ने निकाला भव्य चल समारोह, जिलेभर में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

# रजत रथ में सवार होकर शाही सवारी से नगर भ्रमण को निकले भगवान महावीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्तमान जिन शासन नायक जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623 वे जन्मोत्सव पर दो चल समारोह निकाले गए। इस दौरान सकल जैन समाज के तत्वाधान में सदर बाजार स्थित पाश्वनाथ जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में रथ पर रजत सिहासन पर भगवान महावीर विराजित थे। इस दौरान सिहासन के दोनो ओर खडे वर्धमान सिंघई व त्रृतिक जैन श्रीजी का चवर झूला रहे थे इस दौरान श्रीजी की स्थान स्थान पर आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। चल समारोह में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनकर चल रहे थे। शोभायात्रा पाश्र्वनाथ मंदिर से जामा मस्जीद, अंबिका माता मंदिर , तरुण चैराहा होती हुई महावीर अतिशय क्षेत्र बडा मदिर पहुंची जहा भगवान महावीर का मस्तकाभिषेक किया गया । इसके पश्चात शोभा यात्रा पुनः गॉधी चैक , सदर बाजार, महाकाल चैराहा होती हुई पुनः पाश्वनाथ मंदिर पहुंची जहा श्रीजी के अभिषेक व पूजन सम्पन्न होने के बाद प्रभावना बाटी गई । सकल जैन समाज के तत्वाधान मे निकाली गई शोभा यात्रा मे नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, यशवन्त सोनी, विजय बारकिया, सुशील व्यास, भेरुलाल पुष्पद, ओम पुस्पद, निजाम कुरैशी, मानसिंह पाटीदार, अरविन्द चैधरी,सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन, श्रीपाल जैन, सुमत जैन, गुन्धर्व जैन ,लतेश सिधई, सुधीर श्रीमाल, चन्द्र कुमार जैन, निर्मल जैन, दिलीप जैन गितेश जैन अनिल जैन, मनोज जैन, नरेन्द्र जैन ,सहित बडी संख्या मे समाज जन मौजूद थे ।इस अवसर हिन्दु उत्सव समिति द्वारा केशरिया दुपट्टे पहनाकर समाजजनों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया।



### धूमधाम के साथ मनाई महावीर जयंती, निकाला चल समारोह

**नरसिंहगढ़।** रविवार को जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती उपलक्ष्य में समाजबंधुओ द्वारा प्रातः नगर में प्रभातफेरी निकालते हुए अंहिसा के जयकारे लगाऐ। वही शाम को नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया जो बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा जहां विभिन्न धार्मिक आयोजनो के साथ चल समारोह का समापन किया गया। बेंड बाजो के साथ निकले चल समारोह में भगवान महावीर की सजाई आकर्षक झांकी नगरवासियो के आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह में शामिल समाजबंधु भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे इस दौरान नगरवासियो ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ों समाज जन एवं अन्य समाज के प्रतिस्ठित नांगारिक शामिल हुए।



**खबर संक्षेप**

### धूम-धाम से मनाएंगे हनुमान जन्म उत्सव



**जावर।** बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम बमुलिया रायमल में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को हनुमान जयंती पर पुराने खेड़े पर हवन पूजन व भंडारा रखा गया है। सभी लोग पधारे हवन पूजन प्रातः7 से 9 बजे तक 9 बजे से राममंदिर से विशाल जुलूस निकाला जाएगा। 10 बजे से भंडारे का आयोजन प्रारंभ होगा। सभी नवयुवक साथी सहयोग करे। बहुत वर्षों बाद ऐसा योग लगा है कि मंगलवार के दिन हनुमान जयंती आई है।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत



**सीहोर।** अनियंत्रित हुई कॉलेज बस के चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इछावर के ग्राम कुशलपुरा के दो युवक अपनी बाईक से कही जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम थूना के पास कॉलेज बस के ड्रयवर ने अनियंत्रित गति से चलाते हुए बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। जिस कारण हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए इछावर के ग्राम कुशलपुरा के निवासी दोनों युवकों में से एक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वही घटना के बाद बस का चालक मौके से फरारा हो गया।

## दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क उखड़ी, 10 हजार लोग भुगत रहे परेशानी

# मुरम गिट्टी डालकर निर्माण करना भूला ठेकेदार, बारिश में भुगतनी पड़ेगी परेशानी

कोठरी से निपानियां जाने वाली सड़क का डामर उखड़ने के बाद हुए गड्ढे। मुरम और गिट्टी के चलते वाहन चालक आए दिन फिसल रहे। समय पर निर्माण नहीं हुआ तो बारिश में होगी परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीहोर जिले को शाजापुर जिले से जोडऩे वाली कोठरी से निपानियां जाने वाली सडक़ हर कही डामर उखडऩे के बाद हुए गड्ढे से चलने लायक नहीं बची है। सड़क निर्माण के चलते ठेकेदार ने कोठरी से पोचानेर तक मुरम और गिट्टी डाल दी है जिसके चलते वाहन चालक आए दिन फिसल रहे हैं वाहन चालकों की नजर हटी समझो दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बन रही है। जिसकी तरफ जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी हर दिन लगातार बढ़ती जा रही है। इस सडक़ से प्रतिदिन करीब 10 हजार लोग मानाखेड़ी, बोरखेड़ा, गाडराखेड़ी, निपानिया कलां, पोचानेर, अरनिया कलां, शुजालपुर सहित अन्य जगह आना जाना करते हैं। जिसकी हालत वर्तमान में इतनी खराब है कि चलते समय सीधे जान जोखिम में डालना है। कोठरी से बोरखेड़ा जोड़ के बीच ही बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जबकि कई जगह पूरा डामर ही गायब है। दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर घायल होते हैं, जबकि बड़े वाहनों में टूटफूट हो रही है। इससे लोगों को नुकसान हो रहा है। बावजूद जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### पूरे मार्ग पर मुरम गिट्टी बिछी है

कोठरी से पोचानेर के बीच में पूरा मार्ग उखड़ा पड़ा है। ठेकेदार ने निर्माण के दौरान मुरम गिट्टी डाल दी है। निर्माण कार्य की रफ्तार इतनी धीमी की महीना हो गए लेकिन रोड नहीं बना मुश्किल से चार-पांच किलोमीटर ही रोड बना है। बाकी तो मूरम और गिट्टी बिछी हुई है। इससे लोगों की तकलीफ बढ़ती जा रही है। इसी मार्ग पर बोरखेड़ा व रनायल जोड़ के बीच पार्वती नदी में बना कम ऊंचाई का पुल भी





बेकार स्थिति में है। पुल पर गड्ढे होने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग से प्रतिदिन काफी लोग निकलते हैं फिर भी जिम्मेदार लापरवाही दिखा रहे हैं।

### हाई टेंशन लाइन के तार नहीं हटाए

कोठरी से पोचानेर तक ठेकेदार ने रोड निर्माण कार्य तो चालू कर दिया लेकिन रोड ऊंचा होने से कभी भी इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है बोरखेड़ा निपानिया कोठरी के बीच हाई टेंशन लाइन बीच मार्ग पर झूल रही है इसलिए प्रशासन को सबंधित विभाग और ठेकेदार को हाई टेंशन लाइन को तुरंत हटाना चाहिए ट्रक और बस कभी भी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ सकते हैं।

### बारिश में होगी परेशानी

ठेकेदार जिस प्रकार से इस मार्ग का निर्माण कार्य कर रहा है उससे तो नहीं लगता है की बारिश से पहले रोड बन पाएगा और अगर रोड नहीं बना तो बारिश में वाहन चालकों के लिए यह मार्ग खतरनाक साबित होगा कीचड़ होने से फिसलन भी बढ़ जाएगी।

# चार्टेड बसों के स्टापेज की उठाई मांग

**चार्टर्ड बस व्यवस्था फिर से लड़खड़ाई**



**आष्टा।** निजी बस संचालक यात्रियों से कर रहे मनमानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इंदौर आष्टा के बीच चलने वाली चार्टर्ड बस सेवा एक बार फिर से लड़खड़ा गई है अब मात्र दो बसों के ही इंदौर आष्टा के बीच चल रही है इससे इंदौर से आष्टा और आष्टा से इंदौर जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं स्थानीय नागरिकों ने चार्टर्ड कंपनी से इंदौर से आष्टा के बीच नई बस चलाने की मांग की है।

दरअसल शुरुआत में इंदौर से आष्टा के बीच सुबह से शाम तक बस उपलब्ध थी। सभी बसें सुचारू रूप से चल रही थी। लेकिन कोरोना के बाद से चार्टर्ड बस सेवा प्रभावित हुई है धीरे-धीरे अधिकांश बसें बंद हो गई है। हालात यहां हो गए कि अब मात्र दो बसे चार फेरे लगा रही हैं इससे सबसे ज्यादा परेशानी आष्टा से इंदौर जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

### सभी बसें फूल चल रही

बता दे की आष्टा से इंदौर चलने वाली अधिकांश बसें सफल रही थी क्योंकि आष्टा से अधिकांश से बसों में व्यापारी और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं जाते और आते थे। सबसे ज्यादा परेशानी अब व्यापारी और छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है मजबूरी में लोगों को प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है।

### प्राइवेट बसों में मनमानी

आष्टा से इंदौर चलने वाली चार्टर्ड बस जावर जोड,मेहतवाड़ा, सोनकच्छ ,देवास होकर जाती थी सभी स्थानों से पर्याप्त सवारी मिलती थी अब मजबूरी में लोगों को प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है। शहर के सोहन श्रीवास्तव, बंटी सिंगी, सहित अनेक नागरिकों ने चार्टर्ड बस कंपनी से इंदौर से आष्टा के बीच नियमित बसें चलाने की मांग की है और बसो के फेरे बढ़ाने की मांग की ताकि लोगों को परेशानी ना हो। आलम यह है कि हर एक-दो दिन में बेस खराब हो जाती है स्थानीय नागरिकों ने इंदौर ऑफिस में इसकी शिकायत भी की है और नियमित बस चलाने की मांग की। इस संबंध में चार्टर्ड बस कंपनी के स्थानीय ऑफिस में बात करनी चाहिए लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव एवं आचार संहिता को मध्य नजर रखते हुए 07 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

22 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पडियाला का रामबाबू जाट हिंगोनी जोड़ पर खड़ा है। जिस पर थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा शीघ्रकार्रवाई करते हुए न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 255 2017 धारा 420 467 468 471 भादवी में 07 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी रामबाबू जाट पिता हीरालाल जाट उम्र 30 साल निवासी पडियाला थाना अहमदपुर को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष




पेश किया जाएगासराहनी यभूमिका संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा उप निरीक्षक रामबाबू राठौर आरक्षक आरक्षक 463 अमित नागर आरक्षण 456राजेश जाटव सैनिक 319 राम प्रसाद की सरहानी यभूमिका रही।

## कलेक्टर एसपी ने श्यामपुर क्षेत्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**श्यामपुर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने श्यामपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक-78 उमावि, मतदान केन्द्र क्रमांक-79 उमावि, मतदान केन्द्र क्रमांक-81 पंचायत भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-82 प्रा शा भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-84 पंचायत भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-85 प्राशा भवन स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टेंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र



तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जादूगर ग्रुप ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री महावीर जन्म कल्याणक एवं जिन शासन गौरव आचार्य उमेश मुनि जी महाराज साहब की दीक्षा जयंती के अवसर पर शहरी प्राथमिक केंद्र आष्टा द्वारा जादूगर ग्रुप आष्टा के तत्वावधान मैं रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। आज संपन्न हुए रक्तदान शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पारसमल सिंघवी, स्वास्थ्य विभाग से डां. नेहा अरोरा, जैन श्वेताम्बर संघ अध्यक्ष पवन सुराणा एवं ग्रुप के पंकज राठी के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर एक दिवसीय रक्तदान स्वास्थय शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया। उक्त शिविर में नगर के अनेक गणमान्य नागरिको ने बढचढ कर भाग लिया एवं 65 लोगो ने रक्तदान किया वही 100 लोगो ने स्वास्थ्य शिविर में अपना चैकअप करवाया। शिविर के माध्यम से रक्त दान करने वाले समस्त लोगो को जादुगर ग्रुप द्वारा जुस एवं बिस्किट की भी व्यवस्था की गई वही सभी को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। शिविर में पधारे सभी लोगो का समिति के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया।आज इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों में विजय खंडेलवाल, प्रदीप राठौर, त्रिलोक जैन, आनंद खण्डेलवाल, आलोक वोहरा, मनीष जैन, निलेश खण्डेलवाल, अवनिश पिपलोदिया, बसंत पाठक, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, सुमित मेहता, कुलदीप कोचर, पवन वर्मा, पुष्पेन्द मालु, रोहित राठौर, शैलु मेहता, सुशील पांचाल, रोहित राठौर, संजय रांका, विजय टेलर, शैलेन्द्र साहु, आशीष सोनी पांचम, संतोष जायसवाल, अक्षय जैन, कमल ठाकुर, डां. योगेन्द्र ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, बसंत जैन, विजेन्द्र मायसेम, विजेन्द्र स्टोनक्रेशर, लखन राठौर, आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अतुल सुराणा एवं राहुल चतुरमुथा द्वारा किया गया वही आभार पंकज नाकोडा द्वारा व्यक्त किया गया।

# ब्लॉक इकाई अध्यक्ष जोशी का किया स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

खाचरोद के सतीश जोशी पत्रकार खाचरोद को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई आस्टा का अध्यक्ष बनने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट व संगठन के साथियों द्वारा हार फूल माला पहनाकर, साफा बांधकर स्वागत किया गया। वह उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट काकू, गणेश जाट, सोहन सोनी, राजू जाट गोलिया,



तिलक राम जाट, अरुण जाट, रामनिवास जाट सहित संगठन के सभी साथी उपस्थित थे।

## सीएम राइज़ स्कूल में मतदाता जागरूकता के लिए बनाई 18 फीट लंबी रंगोली

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सीएम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने विद्यार्थियों को रंगोली बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी तमन्ना, अंजली, परी, राधिका नामदेव, भूमिका, आराधना, क्रिश, प्रिंसराज, मोहित एवं प्रशांत द्वारा विद्यालय के फाइन आर्ट शिक्षक श्रीराम श्रीवादी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के उद्देश्य से 18 वर्ष के नवमतदाता एवं अन्य मतदाताओं की जागरूकता के लिए 18 फीट लंबी एवं चौड़ी रंगोली विद्यालय परिसर में बनाई।

प्राचार्य ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से कहा कि आप अपने आस पास निवास कर रहे 18 वर्ष से अधिक के नवमतदाताओं को मतदान करने हेतु अपने घर आंगन एवं विद्यालय में इसी प्रकार रंगोली बनाकर जागरूक करें और विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो यदि किसी



का नाम वोटर लिस्ट में नही है, तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से फार्म अवश्य भरे और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही गई।

प्राचार्य द्वारा समस्त विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफ को शपथ दिलाई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पहले भी मानव श्रृंखला बनाई थी।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रंगोली बनाने में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान, विष्णुप्रसाद पंवार, असमा खानम, अंत्येश धारवां, सतीश वर्मा, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, पवन राया, जितेन्द्र मेवाडे, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, गौतम चौरसिया, जितेन्द्र आर्य, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र धववाल, लीला भिलाला, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, विनय कुमार तिवारी, सपना यादव, डॉ. तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, दिनेश कुमार शर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यि, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, दिनेश गहरवाल, धीरम शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, गौरीशंकर मालवीय, श्रीमती वंदना सोलंकी, हुकुमचंद, शशि बिंजवा, ज्योति मंडलोई, ज्योति चौहान, अनिल पटेल, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यि, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, रजनीकर महेश्वरी, एस.के. सिंगरिया, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा, सतीश पुस्पद, मोतीलाल पैरवाल, प्रिया गोहे, मनीष सोलंकी, विनोद नागदा, ममता अटेरिया, शुमायला सुल्तान, नेहा भूतिया, जेनसन सामुएल, स्वाति राठौर, बलवान सिंह, रीतिका तिवारी, सुनंदा वर्मा, पूजा मेवाड़ा, नेहा सोनी, विनोद मेवाड़ा, सीमा वर्मा, रीना विश्वकर्मा, राजकुमार मालवीय, रिजवान खान, श्रीश्रीराम श्रीवादी, के.डी. बैरागी, दीपिका चौहान, ज्योति ठाकुर, राजेन्द्र मालवीय, मुमताज मंसूरी, अमर सिंह मालवीय, शर्मिला गुर्जर, रिचा ठाकुर, मयंक जैन, राजेश मालवीय आदि उपस्थित थे।

### डीडबल्यूपीएस के छात्र- छात्राओं ने किया नगर का नाम रोशन

**आष्टा।** देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ई-नेक्स्ट मुन इंटर स्कूल ऑनलाइन प्रतियोगिता में विभिन्न स्तर पर पुरस्कार जीते हैं। छात्रों ने विद्यालय का नाम अखिल भारतीय स्तर पर रोशन किया है तथा सभी को गौरवान्वित महसूस कराया। विभिन्न स्तरों पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में यूनिसेफ (भारत) - वंशिका सेठिया कक्षा 9,यूनिसेफ (यूके) - अनन्या शर्मा कक्षा 11,यूएनएचआरसी (जापान) - डिंपल भोजवानी कक्षा 8,जी 20 (जापान) - भूमिका भोजवानी कक्षा 6,लोकसभा (निर्मला सीतारमन)- वानिया अली कक्षा 6 तथा लोकसभा (नितिन गडगरी) - पी. कायलविजी कक्षा 6 ने अखिल भारतीय स्तर पर स्थान प्राप्त किए हैं।

**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमान जीतेश सेन पिता अनिल सेन (मोबाईल नं. 9977588451) निवासी एच 92/51 तुलसी नगर, हुजूर, भोपाल म.प्र द्वारा कृषि भूमि स्वामी बाबूलाल पुत्र मुन्नालाल जाति चमार निवासी/कृषक ग्राम लोटिया, तहसील इछावर जिला सीहोर म.प्र. से कृषि भूमि स्थित ग्राम लोटिया खसरा नम्बर 99/3 (S) रकबा 0.655 हेक्टेयर यानि 1 एकड़ 61 डेसीमल कृषि भूमि को क्रय (खरीदने) करने संबंधी बयाना किया है तथा अग्रिम बयाना राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी को अदा कर दी गई है तथा शेष राशि भूमि का पंजीयन (रजिस्ट्री) कराते समय मेरा पक्षकार भूमि स्वामी को अदा कर देगा तथा पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लेगा, यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, समूह अथवा वित्तीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार प्रभार, बंधक, दान, कोई लेनदेन या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
**एच.पी.विश्वकर्मा** (अधिवक्ता)
निवास व कार्यालय : बिलकिसगंज सीहोर,
मो. 9522917142, 8818934746

**// ज़ाहिर सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार द्वारा 1.श्री विजय गुप्ता 2.श्री रघुनन्दन गुप्ता पुत्रगण श्री घासीराम के स्वत्व,स्वामित्व व आधिपत्य की खसरा क्रमांक 400/2 रकबा 0.753 हैक्टयर लगान 3.85 रुपये तथा भूमि खसरा क्रमांक 400/3 रकबा 0.267 हैक्टयर लगान 1.55 रुपये तथा भूमि खसरा क्रमांक 400/1 रकबा 1.020 हैक्टयर लगान 5.91 रुपये इस प्रकार कुल किता 03 कुल रकबा 2.040 हैक्टयर कुल लगान 11.31 रुपये निवासी ग्राम कजलास एवं कृषक बिसुखेडी की भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय पत्र निष्पादित किया गया है उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद बटवारा कब्जा सीमांकन रास्ता तथा डिग्री, कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यालय में लंबित होने या शासकीय अर्धशासकीय बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया होने तथा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र दानपत्र अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा में प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन मेरे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधि के पक्ष में निष्पादित करवा लिया जावेगा अवधी बाहय किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक मेरे पक्षकार का माना जावेगा सर्वसाधारण को सूचित होवे दिनांक 22/04/2024

कार्यालय
एम.पी शुक्ला अधिवक्ता
तहसील कार्यालय आष्टा जिला सीहोर म.प्र
मो.9893382594